VIII हिन्दी व्याकरण पाठ - २ वर्ण-विचार

२५|६|२१

## प्रश्न और अभ्यास पुस्तक-कार्य + प्रश्न उत्तर

1. निम्नलिखित वाक्यों में से सही के सामने सही ( ✓ ) तथा गलत के सामने गलत ( × ) का निशान लगाइए–
   - (क) स्वरों की संख्या 33 होती है। ×
   - (ख) ह्रस्व स्वर के उच्चारण में सबसे कम समय लगता है। ✓
   - (ग) अनुस्वार का उच्चारण नाक से होता है। ✓
   - (घ) 'स' महाप्राण व्यंजन है। ✓
   - (ङ) 'ब' का उच्चारण स्थान ओष्ठ है। ✓

2. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–
   - (क) ......अ...... स्वर की कोई मात्रा नहीं होती। (अ, ई)
   - (ख) 'श' ......ऊष्म...... व्यंजन है। (स्पर्श, ऊष्म)
   - (ग) 'ल' ......सघोष...... व्यंजन है। (अघोष, सघोष)
   - (घ) 'त' का उच्चारण स्थान ......दंत...... है। (कंठ, दंत)
   - (ङ) ......विसर्ग...... का उच्चारण 'ह' के समान होता है। (अनुस्वार, विसर्ग)

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तरों के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर कोष्ठक में लिखिए–
   - (क) स्वर के कितने भेद होते हैं?
     - ✓(अ) तीन (ब) चार
     - (स) पाँच (द) छह सही उत्तर (......अ......)
   - (ख) वर्तमान समय में हिंदी भाषा में कुल कितने वर्ण माने गए हैं?
     - (अ) ग्यारह (ब) तैंतीस
     - ✓(स) बावन (द) अड़तालीस सही उत्तर (......स......)
   - (ग) प्रयत्न के आधार पर व्यंजनों के कितने भेद होते हैं?
     - ✓(अ) दो (ब) तीन
     - (स) चार (द) पाँच सही उत्तर (......अ......)
   - (घ) निम्नलिखित वर्णों में से किस वर्ग के सभी वर्णों का उच्चारण स्थान 'कंठ' है?
     - ✓(अ) अ, क्, ह् (ब) क्, य्, ल्
     - (स) ऊ, इ्, थ् (द) इ, उ, व्  सही उत्तर (......अ......)
   - (ङ) 'श्' के साथ 'ऋ' की मात्रा जोड़ने पर कौनसा वर्ण बनता है?
     - (अ) सृ ✓(ब) शृ
     - (स) स्र (द) शृ सही उत्तर (......ब......)

4. निम्नलिखित वर्णों में से 'अल्पप्राण' तथा 'महाप्राण' व्यंजनों को अलग-अलग छाँटकर लिखिए–

इ्, ब्, ख्, भ्, ज्, द्, प्, झ्, ह्, छ्, घ्, स्, ड्, व्, थ्, ध्



Scanned by TapScanner

| अल्पप्राण | महाप्राण |
|---|---|
| ड्, ब, ज, ट्, प्, ङ्, व | ख्, भ्, झ्, ह्, ध्, घ्, स्, थ्, छ् |

5. निम्नलिखित वर्णों के उच्चारण स्थान का नाम लिखिए–

| वर्ण | उच्चारण स्थान | वर्ण | उच्चारण स्थान |
|---|---|---|---|
| प् | ओष्ठ | म् | नासिका |
| क् | कंठ | ऊ | ओष्ठ |
| ह् | कंठ | ओ | कंठ-ओष्ठ |
| ल् | दंत | अं | नासिका |
| छ् | तालु | द् | दंत |

6. निम्नलिखित व्यंजनों में से स्पर्श व्यंजन, ऊष्म व्यंजन तथा संयुक्त व्यंजन छाँटकर अलग-अलग लिखिए–

क्ष, श्, फ्, च्, ह्, त्र, ज्ञ, द्, ख्, न्, स्, झ्

स्पर्श व्यंजन फ्, च्, द्, ख्, न, झ्

ऊष्म व्यंजन श्, ह्, स्

संयुक्त व्यंजन क्ष, त्र, ज्ञ

7. निम्नलिखित वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए–

(क) स् + अ + ह् + अ + य् + ओ + ग् + अ = सहयोग

(ख) क् + ओ + ल् + अ + क् + आ + त् + आ = कोलकाता

(ग) प् + अ + र् + ई + क् + ष् + आ = परीक्षा

(घ) श् + ऋ + ग् + आ + ल् + अ = श्रृगाल

(ङ) उ + ज् + ज् + व् + अ + ल् + अ = उज्ज्वल

8. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए–

(क) आशीर्वाद आ + श् + ई + र् + व् + आ + द् + अ

(ख) सहानुभूति स् + अ + ह् + आ + न् + उ + भ् + ऊ + त् + इ

(ग) सरकारी स् + अ + र् + अ + क् + आ + र् + ई

(घ) आज्ञाकारी आ + ज् + ञ् + आ + क् + आ + र् + ई

(ङ) समझौता स् + अ + म् + अ + झ् + औ + त् + आ

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) स्वर किसे कहते हैं? इसके भेदों के नाम लिखिए।

जिन वर्णों के उच्चारण में किसी अन्य वर्ण की सहायता नहीं लेनी पड़ती है, उन्हें स्वर कहते हैं। स्वरों के तीन भेद होते हैं–(i) ह्रस्व स्वर (ii) दीर्घ स्वर (iii) प्लुत स्वर



Scanned by TapScanner

(ख) स्वर और व्यंजन में क्या अंतर है? इनकी संख्या कितनी है? लिखिए।

स्वरों का उच्चारण करते समय अन्य वर्णों की सहायता नहीं लेनी पड़ती है जबकि व्यंजनों का उच्चारण करते समय स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है। स्वरों ग्यारह हैं और व्यंजन तैंतीस हैं।

(ग) अयोगवाह किसे कहते हैं? इनकी संख्या कितनी है? लिखिए।

हिन्दी वर्णमाला में ऐसे वर्ण जो न तो स्वर होते हैं और न व्यंजन। इन्हें अयोगवाह कहते हैं। इनकी संख्या दो हैं — अं , अः।

(घ) प्रयत्न के आधार पर व्यंजनों के कितने भेद होते हैं?

प्रयत्न के आधार पर व्यंजनों के दो भेद होते हैं — (1) सघोष व्यंजन (2) अघोष व्यंजन।

(ङ) द्वित्व व्यंजन से क्या अभिप्राय है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

जब एक ही व्यंजन दो बार आए तो उसे द्वित्व व्यंजन कहते हैं। इन व्यंजनों में प्रथम वर्ण स्वररहित होता है। जैसे — ल्+ल=ल्ल।

(च) संयुक्त व्यंजन से क्या अभिप्राय है? इनकी संख्या कितनी है? लिखिए।

दो या दो से अधिक व्यंजनों के मेल से बने व्यंजनों को संयुक्त व्यंजन कहते हैं। इनकी संख्या चार हैं — क्ष (क्+ष), त्र (त्+र), ज्ञ (ज्+ञ), श्र (श्+र)।

(छ) वर्ण-विच्छेद किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

किसी शब्द के वर्णों को स्वर और व्यंजन को अलग-अलग करना वर्ण-विच्छेद कहलाता है। जैसे- कमल - क्+अ+म्+अ+ल्+अ।

(ज) वर्ण-संयोग से क्या अभिप्राय है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

एक वर्ण के दूसरे वर्ण के साथ मिलने को वर्ण-संयोग कहते हैं। जैसे- त्+य = त्य (सत्य)।

Scanned by TapScanner